# कैटरीना कैफ ने 'भारत' में अपने किरदार के लिये की कड़ी मेहनत


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ ने फिल्म 'भारत' में अपने किरदार के लिये कड़ी मेहनत की है। सलमान खान और कैटरीना कैफ की जोड़ी वाली फिल्म 'भारत' पांच जून को प्रदर्शित होने जा रही है। सलमान खान, कैटरीना कैफ और निर्देशक अली अब्बास जफर ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट के जरिए फिल्म को प्रमोट किया। एक यूजर ने कैटरीना से पूछा कि भारत के लिए उन्होंने 'कुमुद रैना' के किरदार में ढलने के लिए किस तरह से तैयारी की। इस पर कैटरीना ने बताया, मेरे पास खुद को तैयार करने के लिए दो महीने का समय था। फिजिकल अपीयरेंस और हेयरस्टाइल फाइनल होने के बाद सब अपनी जगह पर आ गया। कैटरीना कैफ ने फिल्म भारत में अपने किरदार के बारे में बताया, फिल्म में वर्ष 1975 से 199० की कहानी है। जब उनके किरदार की फिल्म में एंट्री होती है और फिर 2०1० तक अलग-अलग भाग हैं। लेकिन कम से कम इन तीन अलग-अलग हिस्सों से यह साफ है कि आप किरदार की उम्र में परिवर्तन देखेंगे, जो बहुत मददगार होगा। फिल्म में सबसे अहम बात पुराने हिस्सों के लिए बॉडी लैंग्वेज सही रखना और उस उम्र की मानसिकता को देखना था। गौर है कि फिल्म भारत के लिए प्रियंका चोपड़ा को अप्रोच किया गया था लेकिन निक जोनस के साथ शादी की वजह से प्रियंका ने इस फिल्म को करने से इंकार कर दिया था। इसके बाद ये फिल्म कैटरीना कैफ की झोली में आ गिरी। फिल्म भारत कोरियन फिल्म 'एन ओड टू माई फादर' का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में सलमान 18 से 7० वर्ष तक की उम्र के व्यक्ति का किरदार निभाते दिखाई देंगे। इसमें सलमान-कैटरीना के अलावा दिशा पटानी, जैकी श्रॉफ और सुनील ग्रोवर जैसे सितारे काम करते हुए नजर आएंगे।



# अनुराग बसु की फिल्म इमली में कंगना की जगह दीपिका?

बॉलिवुड इंडस्ट्री में चर्चा थी कि निर्देशक अनुराग बसु अपनी अगली फिल्म इमली में कंगना रनौत को लीड रोल के लिए लेना चाहते हैं। वहीं, बॉलिवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंगना रनौत अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और वह फिल्म से बाहर हो गई हैं।

अब फिल्म मेकर फिल्म के लीड रोड के लिए नई ऐक्ट्रेस को लेना चाहते हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इस फिल्म में दीपिका पादुकोण को अप्रोच किया गया गया है। दीपिका पादुकोण इस समय फिल्म छपाक में व्यस्त हैं। फिल्म मेकर और दीपिका पादुकोण की बातचीत को सकारात्मक बताया जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, विचारों में अलगाव के चलते अनुराग बसु के प्रॉजेक्ट से कंगना रनौत बाहर हुई हैं। अनुराग बसु ने कंगना रनौत के साथ इससे पहले गैंगस्टर और लाइफ इन ए मैट्रो मे का किया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के साथ काम नहीं किया है।

बता दें कि अनुराग बसु ने पहले कंगना के फिल्म से बाहर होने की खबरों का खंडन किया था। कंगना रनौत पिछले नवंबर में फिल्म की शूटिंग शूरू करने वाली थीं लेकिन मणिकार्णिका के साथ डेट टकरा गईं। इसके बाद अनुराग बसु दूसरी फिल्म में व्यस्त हो गए और कंगना रनौत ने पंगा के साथ जुड़ गईं।

# टीवी पर वापसी करेंगी माधुरी दीक्षित



फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जल्द ही छोटे पर्दे पर वापसी करेंगी। धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित ने शुक्रवार को अपने रिऐलिटी शो डांस दिवाने के सीजन 2 की शूटिंग शुरू की है। वह इस शो में कोरियॉग्राफर तुषार कालिया और निर्देशक शशांक खेतान के साथ जज के रूप में नजर आएंगी। यह शो जून में ऑन एयर होगा।

सेट के एक सूत्र के मुताबिक, मड आइलैंड के एरंगल विलेज में शो की शूटिंग शुक्रवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई और देर रात तक चली। मड आइलैंड के एरंगल विलेज को शूट के लिए एक नया लुक दिया गया।

माधुरी दीक्षित ने 1981 में आई अमिताभ बच्चन की फिल्म याराना के गाने सारा जमाना डांस का दिवाना पर डांस करने के लिए अलग-अलग लुक्स दिए। गाने के लिरिक्स में कुछ बदलाव किए गए हैं।

माधुरी दीक्षित ने एक्ट के लिए अपने लोकप्रिय चार्ट-टॉपर्स में से कुछ हुक स्टेप्स का प्रदर्शन किया, जिसमें तेजाब का गाना एक दो तीन भी शामिल है। बाद में तुषार कालिया और शशांक खेतान ने माधुरी दीक्षित का साथ दिया।

डांस दिवाने का पहला सीजन कलर्स पर एयर किया गया था। इस रिऐलिटी शो में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों ने अपने डासिंग स्किल्स का प्रर्दशन किया था। इसका प्रीमियर जून 2०18 में हुआ था। बता दें कि माधुरी दीक्षित अभी आखिरी बार अभिषेक वर्मन की पीरियड ड्रामा फिल्म कलंक में नजर आई थी।

# बड़े पर्दे पर छाएंगे सिद्धांत चतुर्वेदी, एम सी शेर पर फिल्म बनाएंगी जोया अख्तर



जोया अख्तर की फिल्म गली बॉय इस साल की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक रही। मुराद और सफीना के रोल में रणवीर और आलिया जहां पर्दे पर छा गए, वहीं जोया अख्तर ने हर किरदार को बेहद खास तरीके से गढ़ा था। छोटे से छोटे स्क्रीन स्पेस में भी हर कलाकार ने इस फिल्म में अपनी जान डाल दी। खासकर, एम सी शेर के रोल में सिद्धांत चतुर्वेदी को फैन्स ने खूब सराहा।

फिल्म में सिद्धांत का किरदार तो मजबूत था ही, उन्होंने अपनी दमदार ऐक्टिंग और ऐटिट्यूड से पर्दे पर अपनी अलग छाप छोड़ी। फिल्म के बाद उनकी हर ओर वाहवाही होने लगी। बिग बी अमिताभ बच्चन ने भी उन्हें खत लिखकर उन्हें बधाई दी। वहीं, सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स में अचानक खूब इजाफा हो गया। सिद्धांत ने अपनी पहली फिल्म में ही अपना अलग फैनबेस तैयार कर लिया है और अब सिद्धांत के फैन्स के लिए खुशखबरी है। फिल्म मेकर्स अब एम सी शेर पर एक अलग फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार जोया अख्तर और रितेश सिधवानी एक नई फिल्म बनाने का प्लान कर रहे हैं जो सिर्फ एमसी शेर की कहानी होगी। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में एम सी शेर के जर्नी को दिखाया जाएगा। इसके बहाने फिल्ममेकर्स को एक बार फिर से हिप हॉप कल्चर पर एक फिल्म बनाने का मौका मिलेगा। फरवरी में रिलीज हुई गली बॉय को दर्शकों और क्रिटिक्स से काफी तारीफ मिली। फिल्म में गरीबी-अमीरी के बीच की खाई, उलझते-सुलझते रिश्ते, दोस्ती और सपनों के पूरा होने का संघर्ष का जबरदस्त मसाला देखने को मिला था। अब एम सी शेर पर फिल्म बनने की खबर से गली बॉय फैन्स खासा उत्साहित हैं।